**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,**
**आकाशवाणी, लखनऊ।**

प्रसारण तिथि : 15.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मथुरा में रंगोत्सव के तहत आज से शुरू हुआ दाऊजी का हुरंगा : होली का पर्व सकुशल सम्पन्न कराने के बाद प्रदेश भर के पुलिस कर्मियों ने आज खेली होली।
2. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट क पदाधिकारियो की अहम बैठक कल : रामनवमी के भव्य आयोजन और मंदिर निर्माण की होगी समीक्षा।
3. प्रदेश सरकार ने बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया को किया ऑनलाइन : डिजिटल प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा पारदर्शी और समयबद्ध सेवा का लाभ।

और

4. प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में कल से बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का जताया अनुमान।

———————

होली के दूसरे दिन भी प्रदेश के कई हिस्सों में होली खेली गई। मथुरा में आज पारंपरिक 'दाऊजी का हुरंगा' मनाया गया। इस अवसर पर श्री दाऊजी महाराज की पूजा की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से...

*मथुरा धर्म की नगरी बलदेव के दाऊजी मंदिर परिसर में विश्व प्रसिद्ध हुरंगा के रंग में हुरियारे और हुरियारिनें रंग गए। राधे–कृष्ण और बलदाऊ के जय–जयकार से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। यहां रंग और गुलाल हर जगह उड़ता हुआ नजर आया ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज के प्रसिद्ध हुरंगा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर पुरुषों ने 'गोप' और महिलाओं ने 'गोपिका' बनकर खूब होली खेली। हुरंगा के अवसर पर महिलाएं पुरुषों को कपड़ों का कोड़ा बनाकर मारती हैं। जबकि पुरुष महिलाओं के ऊपर टेसू से बने हुए रंग डालते हैं। इस उत्सव में देश विदेश से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों की अधिक संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

पीलीभीत जिले के माधोटांडा में होली के दूसरे दिन महिलाओं के होली खेलने की परम्परा हैं। इसी के तहत आज महिलाओं ने ठाकुरद्वारा मंदिर में इकट्ठा होकर होली खेली। पेश है एक रिपोर्ट...

*माधोटांडा में होली का त्योहार अपनी अनूठी परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां बरसाने की तरह ही होली के दूसरे दिन महिलाओं का बोलबाला होता है। इसी परम्परा के तहत आज महिलाओं की टोलियां होली के पारंपरिक गीत गाती हुई पूरे इलाके में घूमीं और सड़क पर नजर आने वाले राहगीरों से फगुआ वसूला। इस दौरान गांव के पुरुष घर के अंदर ही रहते हैं। लम्बे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल बनी हुई है। सतीश चंद्र मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।*

प्रयागराज में दो दिन तक होली खेलने की परम्परा है। इसके तहत आज सुबह से लोगों ने सड़कों पर निकलकर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। वहीं कौशाम्बी के

कड़ा धाम माता शीतला के दरबार में भक्तों ने गुलाल और फूलों की होली खेली।

प्रदेश भर में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के बाद आज पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, मेरठ, मथुरा और संभल समेत अन्य ज़िलों की पुलिस लाइनों, थानों और चौकियों में होली का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस कर्मियों ने एक–दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनायें दी।

होली के दूसरे दिन आज श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर के बाहर श्रद्धालु लम्बी कतारों में बाबा की झांकी के दर्शन करने के लिए जुटे। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से...

*श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में होली के अगले दिन आज भी दर्शन पूजन के लिए हज़ारो की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर जारी है। मंदिर परिसर आज भोर से ही हर–हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान है। मंदिर में मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु लम्बी कतारों में श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम में पधारे प्रत्येक श्रद्धालु का स्वागत करने के साथ ही उनकी सहूलियत के सभी प्रबंध मंदिर न्यास की तरफ से किया जा रहा है। धूप के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन करने में असहजता ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन ने पुख्ता इंतेज़ाम मुहैया करवाए, मंदिर न्यास द्वारा प्राप्त व्यवस्था को लाभप्रद बताते हुए भक्तो ने मंदिर न्यास को इसके लिए साधुवाद दिया। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस

दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर गरीब की जमीन पर किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल उसे कब्जा मुक्त कराएं। साथ ही दबंगों पर सख्त कारवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके अलावा उन्होंने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने वालों को भी आश्वस्त किया कि सरकार उनके इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। श्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से जुड़े एस्टीमेट की प्रक्रिया को पूरा करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। वहीं राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश भी दिया।

——————

अयोध्या में कल श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास करेंगे। इस बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विचार विमर्श कर योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही मंदिर के दूसरे और तीसरे तल की वर्तमान स्थिति के साथ ही, परकोटा के अंतर्गत निर्मित हो रहे अन्य देव मंदिरों के निर्माण की समीक्षा होगी। इसके साथ ही मंदिर ट्रस्ट दर्शनार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं सहित दान

और खर्च पर भी मंथन करेगा। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश एटीएस ने फिरोजाबाद में कल शाम ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी रवींद्र कुमार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी–आईएसआई के एजेंट को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस के अपर महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि रवींद्र कुमार आईएसआई एजेंट नेहा को कारखाने के दैनिक उत्पादन की जानकारी देते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के फोन पर कई गोपनीय दस्तावेज पाए गए, जिनमें ड्रोन और अन्य रक्षा उपकरणों से संबंधित फैक्ट्री की उत्पादन रिपोर्ट, गोपनीय बैठकों की

फाइलें, सरकारी फैक्ट्री की स्टॉक सूची और संवेदनशील दस्तावेजों की अनाधिकृत प्रतियां शामिल थीं।

——————————

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। हर साल 15 मार्च को उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय है– 'सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन'। पेश है एक रिपोर्ट–

*केन्द्र सरकार ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उनकी शिकायतों के शीघ्र निवारण के साथ–साथ पारदर्शी और निष्पक्ष बाज़ार सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उपभोक्ता मामलों का विभाग, जागो ग्राहक जागो के माध्यम से, कई जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने भी शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के लिए, एक हजार से अधिक कंपनियों के साथ भागीदारी की है। ई–कॉमर्स में अनुचित व्यापार से, लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए, उपभोक्ता संरक्षण (ई–कॉमर्स) नियम, 2020 को अधिसूचित किया है। इस नियम का उद्देश्य, ई–कॉमर्स में पारदर्शिता, निष्पक्षता, जवाबदेही और कुशल शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देना है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

प्रदेश सरकार ने अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से शुरू हुई इस नई प्रक्रिया से उपभोक्ता घर बैठे बिजली का लोड बढ़ा सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए बिजली विभाग की वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट यूपीपीसीएल डॉट ओआरजी पर

जाकर 'लोड परिवर्तन अनुरोध' के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि इस डिजिटल प्रक्रिया से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध सेवा मिल सकेगी।

———————

सीतापुर में आज एक नाव पलटने से तोन लोगों की डूबकर मौत हो गई। नाव पर मौजूद 12 अन्य लोगों को प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से बचा लिया है। इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सभी लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नाव पर सवार होकर शारदा नदी के पार जा रहे थे। लहरपुर तहसील के तंबौर कस्बे के निकट शारदा नदी के बीच पहुंचने पर तेज़ हवा के कारण नाव अचानक पलट गई जिससे यह हादसा हुआ।

———————

ग्रेटर नोएडा में 17 मार्च से द्वितीय इंडियन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप और पहली साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का आगाज हो रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश यादव उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह चैम्पियनशिप 26 मार्च तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में अलग–अलग देशों के करीब 250 खिलाड़ी भाग लेंगे।

———————

नगर निगम लखनऊ ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कल अपने सभी जोनल कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इस दौरान नागरिक अपने टैक्स संबंधी समस्याओं का निस्तारण करा सकेंगे और हाउस टैक्स का भुगतान भी कर सकेंगे। नगर निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो नागरिक समय पर हाउस टैक्स का भुगतान करते हैं, उन्हें विभिन्न प्रकार की छूट और लाभ दिए जाएंगे। 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज भी लगाया जाएगा।

———————

प्रदेश क पश्चिमी जिलों में कल से बूंदाबांदी और बारिश का सिलसिला जारी है। बदायूं में कल रात हल्की बूंदाबांदी हुई, जबकि सहारनपुर में शाम से बादल छाए रहे और देर रात बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल भी गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस बीच प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है।

———————